रोहतक
गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 26.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,539.91 | 304.32 ▲ |
| निफ्टी | 24,619.35 | 131.95 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,01,020/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,12,000/- | ---- |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.43 | 20 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 65.76 बैरल | 0.54% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## अंदर के पन्नों पर

- प्रजापति समाज के एक लाख परिवारों को मिला मिट्टी खुदाई का हक — पेज-2
- युवती का पीछा करने पर युवक की अपहरण कर हत्या — पेज-3
- आजाद भारत के सपने को आत्मीय बनाएं — पेज-5

## खबर संक्षेप

### जस्टिस वर्मा को संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन भत्ते व अन्य लाभ

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त जज के रूप में पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद की ओर से हटाया गया, तो उन्हें ये लाभ नहीं मिलेंगे। जज इस्तीफे के लिए एक संभावित तारीख भी दे सकते हैं और इस तारीफ से पहले वे इस्तीफा वापस भी ले सकते हैं। एजेंसी

### यूएस पर सार्वजनिक ऋण रिकॉर्ड 37,000 अरब डॉलर

**वाशिंगटन।** अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज रिकॉर्ड 37,000 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। 'कांग्रेस का बजट कार्यालय' ने जनवरी 2020 में अनुमान लगाया था कि अमेरिका यह स्तर वित्त वर्ष 2030 के बाद ही छुएगा। लेकिन कर्ज उम्मीद से तेजी से बढ़ा। कर्ज बढ़ने का कारण कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से का बंद होना तथा ट्रंप तथा बाइडन प्रशासन ने अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिए। भाषा

### सचिन के बेटे अर्जुन की सानिया चंडोक से सगाई

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई सानिया चंडोक के साथ हो गई है।



सानिया प्रसिद्ध उद्योगपति रवि घई की पोती हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन निजी तौर पर किया गया जिसमें दोनों परिवारों के करीबी दोस्तों ने ही शिरकत की। एजेंसी

### यूट्यूबर अरमान को पूरे परिवार समेत समन

**मुंबई।** फेमस यूट्यूबर अरमान मलिक एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए। पर्सनल लाइफ व सोशल मीडिया के कारण सुर्खियों में रहने वाले अरमान मलिक




इस बार परिवार के साथ कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पटियाला कोर्ट ने मलिक, उनकी दोनों पत्नियों को समन किया है। एजेंसी

---

सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया

# पहलवान सुशील की जमानत रद्द, फिर जाना होगा जेल

## पहलवान सागर हत्याकांड में हाईकोर्ट का आदेश रद्द



**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले में ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत बुधवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के चार मार्च के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार को जमानत दी गई थी। ओलंपिक पदक विजेता को एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सागर धनखड़ के पिता अशोक धनखड़ द्वारा दायर की गई उस अपील पर आया है, जिसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के कुमार को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी थी। कुमार और अन्य पर एक कथित संपत्ति विवाद को लेकर मई 2021 में धनखड़ पर छत्रसाल स्टेडियम में जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस हमले में धनखड़ के दो दोस्त भी घायल हुए थे। कुमार को मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था और एक सत्र अदालत ने उन्हें 19 जुलाई 2023 के लिए निर्धारित घुटने की सर्जरी के वास्ते एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी।

### सागर के पिता बोले हमारी इज्जत बची

कोर्ट के इस फैसले पर सागर धनखड़ के पिता अशोक धनखड़ ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट के इस फैसले से उनकी इज्जत बच गई है। क्योंकि लोग बातें कर रहे थे कि हमने सुशील से पैसे लेकर फैसला कर लिया है। अब हमें जल्द न्याय मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि चार साल से ज्यादा समय बीत गया है, लेकिन अब उन्हें लगता है कि केस में सुनवाई आगे बढ़ेगी और न्याय मिलेगा।

---

राजस्थान पुलिस को पुख्ता सबूत मिले

# डीआरडीओ गेस्ट हाउस का प्रबंधक पाक के लिए जासूसी में गिरफ्तार

## जैसलमेर के गेस्ट हाउस में तैनात था आरोपित महेंद्र



**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हिरासत में लिए गए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के जैसलमेर स्थित गेस्ट हाउस के प्रबंधक को पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपित महेंद्र प्रसाद को जयपुर की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी आरोपित, जैसलमेर के चांदन इलाके में स्थित डीआरडीओ गेस्ट हाउस में प्रबंधक के पद पर तैनात था और चार अगस्त को खुफिया जानकारी मिलने के बाद उसे हिरासत में लिया गया था। जयपुर में विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### सोशल मीडिया के जरिये पाक एजेंट के संपर्क में आया

जांच अधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि आरोपित ने सोशल मीडिया के जरिए एक पाक एजेंट के साथ मिसाइल परीक्षण और वैज्ञानिकों की आवाजाही से जुड़ी जानकारी साझा की थी। आरोपित के पास मिसाइल परीक्षणों सहित विभिन्न तकनीकी कार्यों के लिए भारतीय वैज्ञानिकों और डीआरडीओ अधिकारियों के फायरिंग रेंज में आने-जाने की जानकारी थी। कौन से वैज्ञानिक आ रहे थे व वे किस तरह का काम कर रहे थे, इसकी जानकारी महेंद्र पाक एजेंट के साथ साझा कर रहा था। महेंद्र सोशल मीडिया के जरिए पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था। वह मिसाइल परीक्षणों व डीआरडीओ की गतिविधियों की जानकारी उन्हें दे रहा था।

---

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी : बिहार को बदनाम न करें, कमतर न आंकें

आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक

# एसआईआर मतदाताओं के अनुकूल 11 में से कोई एक दस्तावेज मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में पहले किए गए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या 7 थी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में यह 11 है, जो दर्शाता है कि एसआईआर मतदाता अनुकूल है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आयोजित करने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की और कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या 'वास्तव में समावेशी' थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना आवश्यक था। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि बिहार को ऐसे ही बदनाम न करें। बिहार के लोगों को कमतर नहीं आंकें। दरअसल एसआईआई पर सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी अलग-अलग दलीलें दे रहे थे। तभी अदालत ने यह टिप्पणी की।



### भाजपा का प्रहार/कांग्रेस का पलटवार

## 'वोट चोरी' करके जीते राहुल प्रियंका व अखिलेश : ठाकुर



वायनाड में नए मतदाता कैसे जोड़े गए

सोनिया गांधी भारतीय नागरिक बनने से पहले मतदाता बनीं

रायबरेली में एक पते पर 47 मतदाता, राहुल को ये नहीं दिखे

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने रायबरेली, वायनाड, डायमंड हार्बर व कन्नौज संसदीय सीटों पर मतदाता पंजीकरण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अभिषेक बनर्जी और अखिलेश यादव से लोकसभा सदस्य के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा का आरोप है कि विपक्ष के इन नेताओं ने 'वोट चोरी' के जरिये लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को भाजपा मुख्यालय में इस मुद्दे पर एक स्लाइड-शो प्रस्तुति के जरिये विपक्षी नेताओं द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का 'विश्लेषण' कर यह आरोप लगाए। ठाकुर ने तमिलनाडु की कोलाथुर सीट और उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट पर मतदाता पंजीकरण में कथित अनियमितताओं का भी मुद्दा उठाया। वहीं भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। मालवीय ने एक्स पर लिखा, 'यह पूरा मामला चुनावी कानून के स्पष्ट उल्लंघन का उदाहरण है। (पेज 5 भी देखें)

## भाजपा व चुनाव आयोग के बीच गहरी दोस्ती : खेड़ा



कांग्रेस ने भाजपा के दावों पर उठाए कड़े सवाल

पवन खेड़ा बोले लोकसभा चुनाव 2024 रद्द करें

जो डाटा भाजपा नेता ने जारी किया वह एक अपराध का सबूत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा, अनुराग ठाकुर ने जिन पांच-छह लोकसभा सीटों का इलेक्ट्रॉनिक वोटर डाटा जारी किया है, उसे जुटाने में कांग्रेस को सिर्फ एक विधानसभा सीट के लिए छह महीने लगे थे। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा नेता को यह पूरा डेटा कहां से मिला। खेड़ा ने दावा किया कि यह साफ सबूत है कि भाजपा नेताओं का चुनाव आयोग (ईसी) से गहरा तालमेल है। 'जो डाटा उन्होंने जारी किया है, वह एक अपराध का सबूत है। हम मांग करते हैं कि यह सबूत 24 घंटे में हमें सौंपा जाए, ताकि हम जांच आगे बढ़ा सकें।' अगर भाजपा के पास इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी की सूची भी सार्वजनिक की जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भाजपा खुद मान रही है कि फर्जी वोटर मौजूद हैं, तो 2024 लोकसभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मिलकर वोटर लिस्ट को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाने पर चर्चा करें।

---

## गुरुग्राम की अदालत का फैसला

# भाजपा नेता हत्याकांड में 5 को उम्रकैद व जुर्माना



सुखबीर खटाना की 2022 में सरेआम की गई थी हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

भाजपा नेता एवं सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुखबीर खटाना उर्फ सुखी हत्याकांड में जिला कोर्ट ने 5 आरोपितों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हत्याकांड में एसटीएफ ने 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इनमें से कोर्ट ने चमन (मृतक का साला), योगश, दीपक, अरुण व राहुल को उम्रकैद की सजा व तीन लाख का जुर्माना लगाया। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की अदालत ने दिया। बता दें कि एक सितंबर 2022 को रिठौज गांव निवासी भाजपा नेता सुखबीर खटाना की गुरुद्वारा रोड पर रेमेंड्स के शोरूम में कपड़े खरीदने के दौरान चमन व उसके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### ये गिरफ्तार किए थे

इस मामले में पुलिस ने सुखबीर के साले चमन, रोहतास खटाना के भाई जोगिंद्र, गैंगस्टर विक्रम सिंह उर्फ पपला समेत 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। सुखबीर की पत्नी पुष्पा जिला परिषद में वार्ड दो से पार्षद हैं। चमन की बहन पुष्पा से सुखबीर ने कोर्ट मैरिज की थी। इसी बात की रंजिश को लेकर वह सुखबीर से दुश्मनी रखता था। कोर्ट ने सोमवार को 5 को दोषी ठहराया था। बुधवार को सजा सुनाई।

### चमन पर दर्ज हैं कई केस

मामले में दोषी चमन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2011 में बादशाहपुर थाना में लड़ाई-झगड़ा करने को लेकर केस दर्ज है। वर्ष 2015 में महेंद्रगढ़ में हत्या, वर्ष 2016 में अवैध हथियार को लेकर सोहना थाना में केस दर्ज है। वर्ष 2019 गैंगस्टर सुरेंद्र को मारने की साजिश रचने व 2022 में सुखबीर हत्या का केस दर्ज है है।

### पपला गैंग का सदस्य है चमन

वर्ष 2015 के बाद से चमन पपला के गैंग के लिए काम करने लगा था। उसने पपला के विरोधी गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू को मारने की साजिश 2015 के दौरान रची थी। इसके बाद पपला राजस्थान के बहरोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया था। थाने पर गोलीबारी कर पुलिस की गिरफ्त से पपला को छुड़ाने वालों में भी चमन शामिल था।

---

### मेरी जान को खतरा, गोडसे के वंशजों से सुरक्षा दिलाएं

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे की एक अदालत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उन्हें जान का खतरा है। यह खतरा उन्होंने सावरकर मानहानि केस को लेकर जताया है। उन्होंने कहा-मेरे खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की है कि उनकी सुरक्षा और केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए।



सावरकर पर बयान के कारण निशाना बनाया

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, जवान शहीद

**श्रीनगर (भाषा)।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया जिसके बाद हुई मुठभेड़ में एक जवान की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी स्थित चुरुंडा इलाके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी।अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, मुठभेड़ के दौरान सेना के एक जवान की जान चली गई। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था।

### अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप केस में रैना से पूछताछ

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को पूछताछ की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने ने एक अवैध सट्टेबाजी ऐप (1एक्सबेट) से जुड़ी जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया। ऐसा माना जा रहा है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के जरिए इस ऐप से जुड़े हुए हैं।



ईडी ने धनशोधन के मामले में की पूछताछ

---

# भिवानी में महिला टीचर की गला काटकर हत्या

## लहूलुहान हालत में नहर के पास खेतों में मिला शव

**लोहारू/भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी के गांव सिंघानी में एक महिला टीचर की गला काटकर निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। शिक्षिका की लहूलुहान लाश लोहारू के सिंघानी गांव में नहर के पास खेतों में पड़ी मिली। बताया जा रहा है कि शिक्षिका दो दिन से लापता थी। परिजनों ने बीते दिवस लोहारू पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मृतका की पहचान ढाणी लक्ष्मण गांव की रहने वाले मनीषा (18) के रूप में हुई है। वह प्ले स्कूल में पढ़ाती थी। 11 अगस्त को वह लापता हुई थी। चिकित्सकों के बोर्ड ने शव का पोस्टमॉर्टम किया है। हालांकि, अभी शव परिजनों ने नहीं लिया है। वे आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।

### हत्याकांड से लोगों में रोष

ग्रामीणों और सरपंच संजीत कुमार द्वारा पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई जांच में जुट गई। बहरहाल हत्या की इस घटना से इलाके के लोगों में रोष है। सिंघानी के एक निजी विद्यालय में छोटे बच्चों को पढ़ाने वाली युवती दो दिन पहले स्कूल की छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची थी, जिसके कारण उसके परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से पूछताछ की व आसपास के सीसीटीवी कैमरे में खंगाले, जिसमें युवती स्कूल से निकालकर सिवानी रोड पर जाती दिखाई दी। शाम को युवती का मोबाइल फोन भी स्वीच ऑफ हो गया था।

### लाश के पास पहाड़ी मक्खियों का हमला

इसी दौरान खेत में लाश के पास पहाड़ी मक्खियों के झुंड ने वहां खड़े लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें एएसआई जयवीर समेत कई लोग घायल हो गए। लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। बेटी की हत्या की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गांव के बस अड्डे पर जाम लगा दिया। अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने करीब 4 घंटे बाद जाम खोल दिया।

---

# राजस्थान में पिकअप व ट्रक टकराने से 7 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत

### दर्दनाक हादसा

मरने वाले सभी यूपी के रहने वाले थे, आठ घायल, ये सभी खाटूश्याम और बालाजी के दर्शन करके लौट रहे थे

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक पिकअप वैन के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से 7 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। दौसा के पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिरों के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे, तभी मनोहरपुर राजमार्ग पर सुबह करीब चार बजे यह हादसा हुआ। हादसे में सात बच्चों और चार महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पूर्वी (छह), लक्ष्य (छह), वैष्णवी (सात), महक (सात), सलोनी (नौ), मिष्ठी (एक), बाबू (तीन), प्रियंका (25), शीलादेवी (28), सीमा (25) और सोनम (32) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिकअप वाहन में 20 लोग सवार थे, जब यह राजमार्ग की सर्विस लेन पर खड़े ट्रक से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि आठ घायलों में से एक की हालत गंभीर है। हादसे का शिकार हुए लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे। जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सालय (एसएमएस) में कुछ घायलों को लाया गया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दुःख प्रकट किया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए जानमाल के नुकसान को बेहद दुःखद बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दौसा, राजस्थान में हुई सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है। मैं शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

---

**सुनवाई** | शीर्ष कोर्ट के तीन जजों की बेंच आज सुनेगी मामला, सीजेआई ने दिया था आश्वासन

*कुत्तों के काटने की घटनाओं ने 'बेहद गंभीर' स्थिति पैदा कर दी, आठ सप्ताह का दिया था समय*

# आवारा कुत्तों के मामले में अब फिर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने आवारा कुत्तों से संबंधित एक याचिका का उच्चतम न्यायालय में तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किए जाने पर बुधवार को आश्वासन दिया कि वह इस पर गौर करेंगे। प्रधान न्यायाधीश गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष एक वकील ने 'कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया)' की याचिका का उल्लेख किया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को कहा था कि कुत्तों के काटने की घटनाओं ने ''बेहद गंभीर'' स्थिति पैदा कर दी है और उसने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सभी आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से ''शीघ्र अति शीघ्र'' स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की पीठ गठित की है जो गुरुवार को ही इस मामले की सुनवाई करेगी।



### नई पीठ में ये जज शामिल होंगे

आवारा कुत्तों से संबंधित मामले की सुनवाई के लिए गठित की गई तीन जजों की विशेष पीठ में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की सूची के अनुसार इस मामले में गुरुवार को ही सुनवाई की जाएगी। यह सुनवाई कोर्ट नं 3 में होगी। 11 अगस्त को दो जजों की बेंच ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए आवारा कुत्तों की समस्या को बेहद गंभीर समस्या बताया था।

### नियमों का पालन नहीं किया जा रहा

वकील ने न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की अगुवाई वाली पीठ द्वारा मई 2024 में पारित उस आदेश का बुधवार को हवाला दिया, जिसमें आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित याचिकाओं को संबंधित उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने आश्वासन दिया कि वह इस पर गौर करेंगे। 'कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया)' की याचिका में दावा किया गया है कि उस पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 का पालन नहीं किया जा रहा, जिसमें आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नियमित बधियाकरण और टीकाकरण कार्यक्रम अनिवार्य किए गए हैं। न्यायालय ने सोमवार को कहा था कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों की संख्या समय के साथ बढ़ानी होगी। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि वे छह से आठ सप्ताह के भीतर 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाएं।





नूंह के मुण्डाका में हिंसा मामला : 24 नामजद, 40 से अधिक अज्ञात पर केस

# पांच आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार तनाव के चलते भारी पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नूंह

हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर स्थित नूंह जिले के मुण्डाका में मंगलवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लुकमान पुत्र इसलाम, जुबैर पुत्र इसलाम, उमरदीन पुत्र फजरू, शकरूल्ला खान पुत्र सोहराब और रुस्तम पुत्र कादर खान सभी निवासी गण हाजीपुर, थाना नौगांवा, जिला अलवर (राजस्थान) के रूप में हुई है। इन सभी पर संबंधित धाराओं के तहत थाना सदर फिरोजपुर झिरका में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों को नियमानुसार कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमें गठित कर लगातार दबिश दी जा रही है। सुरक्षा के मद्देनज़र घटनास्थल पर पुलिस बल की दो कंपनियां तैनात हैं। गौरतलब है कि मंगलवार गांव के दो पक्ष मामूली विवाद में आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों, धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। इस दौरान मौके पर खड़ी एक मोटरसाइकिल को भी आग के हवाले कर दिया गया। घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव और आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल है, जिसके मद्देनज़र भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, यह वारदात 12 अगस्त की शाम करीब 4:15 बजे की है। शिकायतकर्ता समयसिंह सैनी पुत्र दीपचंद उस समय अपने गांव में मौजूद थे। आरोप है कि दूसरे पक्ष के 30-40 से अधिक लोग, जिनमें कई हथियारबंद थे, गांव में पहुंचे और रास्ता रोककर हमला कर दिया। हमलावरों ने न केवल मारपीट की, बल्कि शिकायतकर्ता और उनके साथियों को जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान गांव के बीच खड़ी एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर 24 नामजद और 30-40 अज्ञात पर केस दर्ज किया था।

■ हादसे में कई घायल, कुछ की हालत गंभीर


नूंह। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।


नूंह। आगजनी से हुआ नुकसान।

## पीस कमेटी की बैठक में दोनों समुदायों ने की भाईचारे की अपील

जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्थिति पर लगातार नूंह पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। फिरोजपुर झिरका एसडीएम लक्ष्मी नारायण और डीएसपी अजायब सिंह के नेतृत्व में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में सभी से आपसी भाईचारे को बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। फिलहाल इलाके में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। बाजार, यातायात और अन्य सभी गतिविधियां पहले की तरह सुचारू रूप से चल रही हैं। पुलिस अधीक्षक नूंह ने स्वयं मौके का निरीक्षण कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# महिला के वेश में रह रहा था पांच हजार का इनामी युवक की जन्मदिन पर की थी गोली मारकर हत्या

■ रिश्तेदारों के घर छुपा हुआ था अमित पहलवान, दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गत वर्ष जुलाई माह में रानोली निवासी युवक की जन्मदिन के दिन की गई गोली मारकर हत्या के मामले में फरार इनामी बदमाश अमित उर्फ पहलवान को सीआईए की टीमों ने काबू कर दिया। वह महिला का वेश बनाकर रिश्तेदारी में छुपा हुआ था। काबू करने के बाद पुलिस ने उसकी धोती पहने हुए लिबास में शिनाख्त परेड कराई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। दिनेश हत्याकांड में पुलिस ने 7 आरोपियों को गत वर्ष ही गिरफ्तार कर लिया था। रानोली निवासी दिनेश कुमार ने जलियावास गांव में गारमेंट्स की दुकान की हुई थी। गत वर्ष 5 जुलाई को उसका जन्मदिन था। दिनेश की दुकान पर काम करने वाला एक लड़का पड़ोस में एक रेहड़ी पर मोमोज लाने के लिए गया था। वहां एसपी उर्फ शिव गांव जलालपुर एवं सुम्मी गुर्जर पातुहेडा व अमित पहलवान गांव आसलवास तीनो मोमोज खा रहे थे। तीनों ने दिनेश की दुकान पर काम करने वाले लड़के के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद दिनेश वहां पहुंचा, तो तीनों ने उसके साथ भी झगड़ा कर दिया। मामला सुलझ जाने के बाद दिनेश अपनी दुकान पर आ गया। बाद में तीनों आरोपी बाइक और गाड़ी में कई लोगों के साथ दिनेश की दुकान पर पहुंचे। इन लोगों ने दिनेश पर गोलियां दागना शुरू कर दिया। दिनेश बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दिनेश को एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने उसके पिता शीशराम के बयान पर हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

■ पुलिस ने महिला के वेश में ही करवाई शिनाख्ती परेड

### हत्या सहित 6 मामलों में थी तलाश



अमित उर्फ पहलवान के खिलाफ सिटी, मॉडल टाउन, कसोला व महिला पुलिस थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, छेड़छाड़ व आर्म्स एक्ट के तहत 6 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। डीएसपी रविंद्र कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आरोपी अमित एक साल से महिला का वेश बदलकर रिश्तेदारी में छुपा हुआ था। उसे जिस हालात में काबू किया गया, उसकी हालात में उसकी शिनाख्त परेड कराई गई। हत्या में प्रयुक्त वाहन भी अमित का था। पुलिस ने पूछताछ के लिए कोर्ट से उसे रिमांड पर लिया है।

### मामले में सात आरोपी हो चुके गिरफ्तार

जांच के बाद पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, परंतु आसलवास निवासी अमित पहलवान पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था। सीआईए रेवाड़ी और धारूहेड़ा की संयुक्त टीम ने अब अमित पहलवान को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## युवती का पीछा करने पर युवक की अपहरण कर हत्या, पांच गिरफ्तार

**जींद**। गांव अनूपगढ़ से युवक अपहरण कर हत्या करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गांव गोबिंदपुरा निवासी सुरेश, दीपक, अजय, दीपक, उकलाना मंडी निवासी धीरज के रुप में हुई है। आरोपितों ने परमिंदर की हत्या उस द्वारा एक लड़की का पीछा करने पर की है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि 10 अगस्त को चौकी सीएसआरयू में शिकायत प्राप्त हुई कि परमिंदर वासी अनूपगढ़ 9 अगस्त को सुबह अपने मोटरसाइकिल पर घर से दुकान पर काम करने के लिए गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। जिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। 12 अगस्त को अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रीना को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक की लाश बालसमंद रोड आर्य नगर ड्रेन के पास मिली है। बाद में परिवार ने उसके शिनाख्त परमिंदर के रूप में की थी।

### पुलिस जांच में खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया कि परमेंद्र पड़ोस के एक गांव की लड़की का पीछा करता था और इस बात को लेकर गोबिंदपुरा गांव के लोगों ने उसे पहले कई बार समझाया भी था लेकिन इसके बावजूद परमेंद्र ने लड़की का पीछा करना बंद नहीं किया। पुलिस का कहना है कि इसी रंजिश में गांव गोबिंदपुरा निवासी सुरेश, दीपक, अजय, दीपक ने रक्षाबंधन के दिन उसका अपहरण कर उसके साथ मारपीट की। इस मारपीट में परमेंदर की मौत हो गई। परमेंदर की मौत के बाद आरोपितों ने उसे हिसार में बालसमंद रोड पर माइनर में डाल दिया।

## यूएस भेजने का झांसा देकर 50 लाख हड़पे, केस दर्ज

**जींद**। अमेरिका भेजने का झांसा देकर पचास लाख रुपये हड़पने तथा राशि मांगने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सरना निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर 2023 में उसका संपर्क अवधपुरी भोपाल मध्यप्रदेश निवासी बृजेश राजपूत तथा भोपाल निवासी केशव बघेल से हुआ। बृजेश ने खुद को भोपाल मे पुलिस कमीश्नर बताया। जिस पर बृजेश की बातों में आ गया। उसने बृजेश को अपने बेटे को अमेरीका वर्क वीजा पर भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में बृजेश ने पचास लाख रुपये की डिमांड की। राशि का भुगतान बृजेश तथा केशव बघेल के खातों में कर दिया गया। बावजूद इसके उसके बेटे को विदेश नही भेजा गया। आरोपितों ने उसकी राशि को वापस भी नही लौटाया। जब आरोपितो से फोन पर संपर्क साधा तो उन्होंने कहा कि भोपाल हाइवे के साथ ओसन कोरल सिटी समुराई में प्लाट दे देंगें। आरोपितों ने प्लाट का इकरारनामा तथा दस्तावेज भी उसके नाम दिखाए। जब उन्होंने ने अपने स्तर पर जमीन की जांच की तो आरोपितों के नाम कोई जमीन नही पाई गई। जब उसने रुपयों के लिए दबाव डाला तो आरोपितों ने मुकद्मे में फंसाने की धमकी दी।






## करंट लगने से बिजलीकर्मी की मौत लाइनमैन पर केस

**यमुनानगर**। जगाधरी के मानकपुर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की तार जोड़ते समय करंट लगने से बिजली कर्मी की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि लाइनमैन की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। तिहमो निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि उसका लड़का 25 वर्षीय विकास उर्फ रवि कुमार बिजली निगम में नौकरी करता था। मंगलवार को वह जगाधरी के मानकपुर में बिजली ठीक करने के लिए गए थे। आरोप है कि लाइनमैन जितेंद्र ने उसके लड़के विकास को बिजली ट्रांसफार्मर की सप्लाई चलते हुए ही तार जोड़ने के लिए ऊपर चढ़ा दिया। जैसे ही उसका लड़का ऊपर चढ़ा तो उसके लड़के को करंट लग गया। जिससे उसका लड़की बूरी तरह से झुलस गया। अन्य कर्मचारियों ने उसके लड़के को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी लाइनमैन जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विभाजन की त्रासदी बेहद दर्दनाक अध्याय

**फरीदाबाद**। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गुरुवार को फरीदाबाद के सेक्टर.12 में होने वाला प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भव्य होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विभाजन के दंश झेलने वाले परिवारों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को भाजपा की दो बड़ी बैठकें हुई जिसमें तैयारियों का जायजा लिया और समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा कार्यालय अटल कमल और सेक्टर-12 में हुई इन बैठकों में तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।




# देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने दिया झटका, देना होगा ऑनलाइन ट्रांसफर पर शुल्क

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। अब बैंक के ग्राहकों को 15 अगस्त 2025 से ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर पर शुल्क देना पड़ेगा, जो पहले पूरी तरह फ्री था। आईएमपीएस यानी इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस एक रीयल-टाइम फंड ट्रांसफर सिस्टम है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है। यह सेवा पूरे 24 घंटे और 365 दिन उपलब्ध रहती है।

आईएमपीएस के जरिए एक बार में अधिकतम 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर किया जा सकता है। बता दें कि एसबीआई द्वारा किया गया बदलाव केवल ऑनलाइन लेनदेन पर लागू होगा और कुछ स्लैब में मामूली शुल्क जोड़े जाएंगे। हालांकि, कुछ खातों पर ये शुल्क अब भी नहीं लगेंगे।

## 15 अगस्त 2025 से आईएमपीएस शुल्क देना होगा

### अन्य बैंकों में क्या स्थिति है?

केनरा बैंक में ₹1,000 तक कोई शुल्क नहीं है वहीं 1,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक के लेनदेन पर 3 रुपए से 20 रुपए+ जीएसटी तक चार्ज लगता है। पीएनबी(पंजाब नेशनल बैंक) में 1,000 रुपए तक पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. 1,001 रुपए से ऊपर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर 5 रुपए से ₹10 रुपए+ जीएसटी तक का चार्ज है, जबकि ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने पर यह चार्ज थोड़ा अधिक होता है।

### क्या होता है आईएमपीएस चार्ज?

आईएमपीएस चार्ज वह रकम है, जो बैंक आपसे उस सुविधा के लिए लेता है जिसमें वह आपके पैसे को तुरंत दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर करता है। यह शुल्क आपकी ट्रांसफर की गई राशि के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। आमतौर पर बैंक यह चार्ज डिजिटल सर्विस को मेंटेन करने, नेटवर्क खर्च, और ट्रांजेक्शन की प्रोसेसिंग के बदले लेता है।



- पहले इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस पूरी तरह फ्री था
- इस सेवा से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है

*वेतनभोगी ग्राहकों को राहत : एसबीआई के उन ग्राहकों को इस शुल्क से राहत मिलेगी जो किसी सरकारी या निजी संस्थान के सैलरीड हैं और उनके पास विशेष सैलरी पैकेज अकाउंड है। इनमें डीएसपी,सीजीएसपी, पीएसपी, आरएसपी, सीएसपी, एसजीएसपी, आईसीजीएसपी और एसयूएसपी जैसे खाते शामिल हैं, जिन पर अब भी **IMPS** शुल्क नहीं लगेगा।*

*ब्रांच से आईएमपीएस करने पर कोई बदलाव नहीं : अगर आप एसबीआई की शाखा में जाकर आईएमपीएस करवाते हैं, तो वहां पहले की तरह ही शुल्क लगेगा. इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. शाखा से किए गए आईएमपीएस ट्रांजेक्शन पर शुल्क 2 रुपए से शुरू होकर 20 रुपए+ जीएसटी तक जा सकता है, जो ट्रांसफर की राशि पर निर्भर करता है।*

**ऑनलाइन आईएमपीएस लेनदेन पर कितना लगेगा शुल्क?**

अगर आप इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या यूपीआई जैसे ऑनलाइन माध्यम से आईएमपीएस करते हैं, तो अब आपको शुल्क देना होगा। ये चार्ज इस प्रकार हैं – 25,000 रुपए तक कोई शुल्क नहीं लगेगा। 25,001 से 1 लाख रुपए पर 2 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। 1 लाख से 2 लाख रुपये पर 6 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। वहीं 2 लाख रुपये से 5 लाख तक 10 रुपए+ जीएसटी चार्ज होगा।

## संवर्धन मदरसन के लाभ में 46 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लि. का अस्थिर कारोबारी माहौल के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 606 करोड़ रुपये रह गया। वाहन कलपुर्जा क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,115 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्योग की प्रतिकूल परिस्थितियों और अस्थिरता का लाभप्रदता पर अस्थायी प्रभाव पड़ा है।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### चुनौतियां दो तिमाही में समाप्त हो जाएगी

# अमेरिकी शुल्क का प्रभाव छह महीने से ज्यादा टिकने वाला नहीं: सीईए नागेश्वरन

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चुनौतियां ज्यादा टिकने वाली नहीं है और एक या दो तिमाहियों में समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश अन्य दीर्घकालिक चुनौतियों से जूझ रहा है और उन्होंने इससे निपटने के लिए निजी क्षेत्र से और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर में आई नरमी के लिए कर्ज से जुड़ी कड़ी स्थिति और नकदी की समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 9.2 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि सही कृषि नीतियां वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं।

### ट्रंप-पुतिन बैठक प्रभावित करेगी नतीजे

*इस महीने के अंत में व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक इस वार्ता के नतीजों को प्रभावित कर सकती है।*

- निजी क्षेत्र से अधिक प्रयास का आग्रह
- वृद्धि दर में नरमी नकदी की समस्या के कारण आई
- सही कृषि नीतियां जीडीपी में वृद्धि कर सकती है



*निजी क्षेत्र चुनौतियों से निपटने में सहायक : नागेश्वरन ने कहा कि कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा कि क्या यह ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है या इससे भी ज्यादा रणनीतिक। उन्होंने निजी क्षेत्र से इन दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।*

### दीर्घकालीक प्रभाव नहीं होगा शुल्क नीति का

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में कहा, ''मेरा मानना है कि मौजूदा स्थिति एक या दो तिमाहियों में सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, भारत पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अल्पावधि में इसका कुछ असर जरूर होगा।''

### रत्न-आभूषण, झींगा व वस्त्र क्षेत्र पर पड़ेगा असर


सीईओ ने अमेरिकी शुल्क के बारे में कहा कि रत्न एवं आभूषण, झींगा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर पहले चरण का प्रभाव पड़ने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव पड़ेंगे। उनसे निपटना 'अधिक कठिन' होगा। नागेश्वरन ने कहा कि सरकार स्थिति से अवगत है और प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया मिलेगी, लेकिन लोगों को धैर्य रखना होगा।

## अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि पर असर नहीं : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि प्रभावित नहीं होगी क्योंकि यह व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है और इसकी 'सॉवरेन रेटिंग' का परिदृश्य सकारात्मक ही बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए पिछले वर्ष मई में भारत की सॉवरेन रेटिंग 'बीबीबी-' को बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था।अमेरिका ने सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस तरह कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। यह शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क लगाए जाने से भारत के सकारात्मक परिदृश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा यीफार्न ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत पर लगाए गए शुल्क का आर्थिक वृद्धि पर कोई प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि भारत बहुत अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है।

# सोना 500 रुपए टूटा और चांदी रही स्थिर

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये गिरकर 1,00,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार को 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना न्यूयॉर्क में 10.79 डॉलर यानी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 3,358.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

*पावेल पर ब्याज कम करने के दबाव से बाजार चिंतित : एबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल पर ब्याज दरें कम करने के लिए जारी राजनीतिक दबाव ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इससे सोने की सुरक्षित निवेश संपति के रूप में स्थिति और मजबूत हुई है।''*

## रत्न एवं आभूषण निर्यात जुलाई में 16 फीसदी बढ़ा

मुंबई। वैश्विक चुनौतियों के बीच जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 15.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 217 करोड़ 82.4 लाख डॉलर (18,756.28 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

## जियो फाइबर ने हरियाणा में 4 लाख से अधिक परिसरों को जोड़ा

चंडीगढ़, रिलायंस जियो ने हरियाणा भर में अपनी जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर सेवाओं का तेजी से विस्तार कर के राज्य में 4 लाख से अधिक परिसरों को फिक्स्ड वायरलेस और वायरलाइन हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड और विश्व स्तरीय होम एंटरटेनमेंट सेवाओं से जोड़ा है। ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार, 30 जून 2025 तक रिलायंस जियो के राज्य में 1.79 लाख 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) ग्राहक हैं।

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक चढ़ गया। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। वैश्विक स्तर पर चीन पर शुल्क लगाये जाने की समयसीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है।

## सरगुन मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया 'ब्लैक लेडी' का अनावरण




चंडीगढ़। फिल्मफेयर द्वारा 13 अगस्त 2025 को चंडीगढ़ में होने वाले भूटानी फिल्मफेयर अवार्ड्स पंजाबी 2025 के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पंजाबी सिनेमा की शानदार कला, बेमिसाल टैलेंट और कहानीकारों का जश्न मनाने के लिए आयोजित यह समारोह पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा त्योहार होगा। कॉन्फ्रेंस में सरगुन मेहता, अश्विनी चाटले (डायरेक्टर, भूटानी ग्रुप), संचित चोपड़ा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, **EaseMyTrip**), अभिषेक सिंह (चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, **Force of Talent**) और जितेश पिल्लई (एडिटर-इन-चीफ, फिल्मफेयर) मौजूद थे।सम्मेलन की शुरुआत प्रतीकात्मक दीये की रोशनी से हुई, जिसके साथ भूटानी फिल्मफेयर अवार्ड्स पंजाबी 2025 का आधिकारिक आगाज हुआ। एक खास पल में, मशहूर 'ब्लैक लेडी' का अनावरण भी कॉन्फ्रेंस में मौजूद दर्शकों के सामने किया गया।

## शब्द पहेली - 5958



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5957 का हल**




**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 04-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 08.08.2025

सीपीएम/जीएसयू, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.** : 4-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, **कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन मालदा मंडल के गोड्डा, बांका, शिवनारायणपुर, सबौर, जंगीपुर रोड, धुलियानगंगा तथा मुंगेर स्टेशनों में 6 मीटर चौड़े फूट ओवरब्रिज के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 39,23,80,407.98; **निविदा बंद होने की तारीख :** 29.08.2025। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट :** www.ireps.gov.in।

(MLD-141/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समयं एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी।

| Tender No. & Tender title | App. Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion period (Months) | Cost of Tender document (Rs.) | Date of Closing |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No. NR-Proj-UMB-PQM-1 पंजाब में विभिन्न रेलवे ट्रैक्शन सबस्टेशनों पर IEC 61000–4–30 क्लास A का अनुपालन करने वाले विद्युत गुणवत्ता मीटर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, रीडिंग, विश्लेषण और 1 वर्ष का संचालन एवं रखरखाव। | 33.96 Lac | 67,900 | 12 Month | Nil | 08.09.2025 15:30 Hrs |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:** – तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं. और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डालनलोड की जा सकती हैं। निविदा सूचना क्रमांक **NR/Proj/UMB/Advt./13 तारीख: 13.08.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2483/25



**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राजेश कुमार श्रीमती संतोष पलम्बर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10504231) | म. नं. 2296, ब्लॉक घरौंडा, खेवट नं. 378, 879 सतौंदी करनाल। करनाल इंडस्ट्रीयल एरिया, निकट शिव मंदिर, करनाल, हरियाणा, भारत-132114 Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1686.00, 1348.00 | रु. 439809/- (रुपये चार लाख उनतालीस हजार आठ सौ नौ केवल) | 25-04-2025 | 11-08-2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 14.08.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका भुना (फतेहाबाद) | वार्ड 10 भुना में अंकुश के मकान से मदन की दुकान तक, बलबीर मित्तल से विकास तक, चरनु से राधेश्याम कुम्हार तक आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 08.08.2025 20.08.2025 | रु. 34,91,237/- | https://etenders.hry.nic.in | 988436867 bhunamc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/37642/1/88/6 दि. 13.08.25



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**भारत सरकार** / GOVERNMENT OF INDIA
**खेल विभाग** / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
**(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)**

सत्यमेव जयते

SAI भारतीय खेल प्राधिकरण SPORTS AUTHORITY OF INDIA

एफ.सं. 01-04001(01)/3/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग दिनांक: 24-07-2025

**अधिसूचना**

**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) में सहायक पद पर भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा सहायक के 48 नियमित पदों (अनारक्षित-22, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-04, अन्य पिछड़ा वर्ग-12, अनुसूचित जाति-07, अनुसूचित जनजाति-03)(पीडब्ल्यूबीडी - 02) *पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया SSC CGL 2024 Public Disclosure List (PDL) में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 1:5 के अनुपात में श्रेणीवार (UR/EWS/OBC/SC/ST) चयन कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण के माध्यम से की जाएगी।

पात्रता की शर्तें:

i. शैक्षणिक योग्यता :- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातक की डिग्री या समकक्ष; या लेखा / वाणिज्य / अर्थशास्त्र के क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / आईसीडब्ल्यूए । आईसीएआई से स्नातक की डिग्री या समकक्ष।

ii. आयु सीमा: 30 वर्ष से अधिक नहीं (ऑनलाइन आवेदन के उद्घाटन दिनांक के अनुसार). विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण के संबंध में भारत सरकार के प्रचालित दिशा-निर्देशों के अनुसार डीओपीटी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार लागू होंगे।

iii. चयन: Public Disclosure List of SSC CGL 2024 scores के अंकों पर आधारित मेरिट सूची

iv. वेतनमान: वेतन मैट्रिक्स स्तर-06 (7वां सीपीसी)


v. PwBD श्रेणी हेतु 02 पद क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आरक्षित हैं।

महत्वपूर्ण: आवेदन जमा करने के लिए केवल निमंत्रण दिया गया है, जिसका अर्थ अंतिम चयन नहीं है। ऑफ़र लेटर मेरिट और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर जारी किए जाएंगे।

- विवरण एवं आवेदन के लिए वेबसाइट देखें: https://sportsauthorityofindia.nic.in
- प्रश्नों के लिए ईमेल करें: recruitment.cell.sai@gov.in

* अंतिम तिथि एवं विस्तृत अधिसूचना SAI की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है।

Cbc 47103/12/0004/2526

## मतदाता सूचियों में कथित 'धांधली' के खिलाफ कांग्रेस का हमला

# 'वोट चोरी' पर वीडियो जारी किया, चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' बताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित 'धांधली' के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए बुधवार को एक वीडियो जारी कर लोगों से इससे जुड़ने की अपील की और चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया। मुख्य विपक्षी दल ने अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जो एक मिनट का वीडियो जारी है उसमें दिखाया गया कि दो लोग एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं और वहां पहुंचे एक बुजुर्ग पुरुष और एक महिला से कहते हैं वे वापस चले जाएं क्योंकि वो उनका वोट पहले ही डाल चुके हैं। इस वीडियो में चुनाव आयोग के लिए 'इलेक्शन चोरी' आयोग लिखा गया है।





### मत छीनने दीजिए अपना वोट का अधिकार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मत छीनने दीजिए अपना वोट का अधिकार, सवाल कीजिए, जवाब मांगिए, इस बार। 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज़ उठाइए, संवैधानिक संस्थानों को भाजपा के चंगुल से छुड़ाइए।'' पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी यह वीडियो साझा कर लोगों से कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। पिछले बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक मतों की 'चोरी' की गई, जबकि इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को 32 हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता के दावे को आधारहीन बताया था और कहा था कि वह या तो शपथ पत्र दें या फिर माफी मांगें।

### सोनिया गांधी भारतीय नागरिकता लेने से पहले ही मतदाता बन गईं: भाजपा का आरोप

**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्ष द्वारा सरकार और निर्वाचन आयोग पर लगाए गए "वोट चोरी" के आरोपों के बीच भाजपा ने अपना जवाबी हमला तेज करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भारतीय नागरिक बनने से पहले ही मतदाता के रूप में पंजीकृत हो गई थीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा, "भारत की मतदाता सूची के साथ सोनिया गांधी का रिश्ता चुनावी कानूनों के घोर उल्लंघन से भरा पड़ा है। शायद यही कारण है कि राहुल गांधी अयोग्य और अवैध मतदाताओं को नियमित करने के पक्ष में हैं तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का विरोध कर रहे हैं।" उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आधिकारिक निवास की मतदाता सूची की एक प्रति पोस्ट की, जिसमें दावा किया गया कि उनका (सोनिया गांधी) नाम मतदाता सूची में संशोधन के दौरान जोड़ा गया था और एक जनवरी, 1980 को अर्हक तिथि माना गया था। मालवीय ने दावा किया, "उनका नाम पहली बार 1980 में मतदाता सूची में आया था - भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले और उस समय तक उनके पास इतालवी नागरिकता थी।" उन्होंने कहा कि उस समय तक उस पते पर पंजीकृत मतदाताओं में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी और मेनका गांधी शामिल थे तथा संशोधन के दौरान सोनिया गांधी का नाम जोड़ा गया। मालवीय ने कहा, "यह प्रविष्टि कानून का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके अनुसार मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए किसी व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। 1982 में विरोध के बाद उनका नाम सूची से हटा दिया गया था - जो 1983 में पुनः सामने आया।" उन्होंने कहा, "यहां तक कि उनकी (नाम) बहाली ने भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

## हर घर तिरंगा के तहत अपने आवास पर फहराया तिरंगा

# आजाद भारत के 'सपने' को व्यक्तिगत और आत्मीय बनाएं : अमित शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर पत्नी सोनल शाह के साथ तिरंगा फहराया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यह दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था।

### 'हर घर तिरंगा' में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा



#### देशभक्ति की भावना जगाना उद्देश्य

शाह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस सोच के पीछे यह विचार है कि अब इसे व्यक्तिगत और आत्मीय बनाने की जरूरत है।

#### योगी ने वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता जताई

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता है।

## बच्ची से 'डिजिटल' दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**नोएडा (भाषा)।** जनपद गौतम बुद्ध नगर के सूरजपुर थाना क्षेत्र के एक नामी स्कूल में साल 2018 में साढ़े तीन साल की बच्ची से 'डिजिटल' रेप करने वाले चंडीदास को जिला अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि उस पर 24 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने निजी स्कूल पर भी 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगा था कि मामले की जानकारी होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय उसने दो दिन तक मामले को दबाने का प्रयास किया। स्कूल प्रबंधन ने इस मामले को रफादफा करने के लिए बच्ची के माता-पिता पर भी दबाव बनाया गया था। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी जेपी भाटी ने बताया कि तैराकी सिखाने के दौरान चंडीदास ने डिजिटल दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी तब बतौर लाइफ गार्ड तरणताल के पास तैनात था। चंडीदास मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। भाटी ने बताया कि वर्ष 2018 में सूरजपुर क्षेत्र में स्थित निजी स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची के साथ चंडीदास ने डिजिटल रेप किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## बिहार में उतरेंगे राहुल गांधी

# 'वोट अधिकार यात्रा' 17 से, 1 सितंबर को पटना में महारैली के साथ विपक्षी एकता का प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

बिहार वोट पुनरीक्षण में तमाम तरह की कथित खामियों के बहाने राहुल गांधी को बिहार में कांग्रेस पार्टी के 'पुनरीक्षण' करने का मौका मिल गया। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 'संजीवनी' देने राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' डिजाइन की गई है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आगामी 17 अगस्त से बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा रोहतास जिले के सासाराम से प्रारंभ होकर लगभग दो सप्ताह तक चलेगी और 23 जिलों में पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य बिहार के मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विशेष गहन पुनरीक्षण



अभियान के विरोध में जनसंपर्क स्थापित करना है। यात्रा हाईब्रिड मोड पर होगी। कुछ जिलों में यात्रा पैदल होगी तो कुछ डिस्टेंस को वाहनों के द्वारा तय किया जाएगा। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी यादव और वामदल समेत इंडिया गठबंधन के तमाम दलों के नेता भी राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस यात्रा को विपक्षी सियासत के लिए आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महागठबंधन की साझा रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

## दिल्ली की अदालत ने तहव्वुर राणा को भाई से तीन बार फोन पर बात करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को निजी वकील की नियुक्ति पर चर्चा के लिए इस महीने अपने भाई से तीन बार फोन पर बात करने की बुधवार को अनुमति दे दी। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने डिजिटल माध्यम से पेश हुए राणा की न्यायिक हिरासत भी आठ सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। सूत्रों के अनुसार, न्यायाधीश ने बंद कमरे में सुनवाई के दौरान कहा कि राणा के फोन कॉल रिकॉर्ड किए जाएंगे और जेल अधिकारियों की मौजूदगी में अंग्रेजी या हिंदी में बातचीत होनी चाहिए। राणा कथित तौर पर 26/11 के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। हेडली एक अमेरिकी नागरिक है।

## राहुल के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू: रेड्डी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा



किया कि सीएम चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। रेड्डी ने राहुल पर भी निशाना साधा और सवाल किया वे वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में यह मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं?

## राज्यपाल के हाथों डिग्री लेने से छात्रा का इनकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मनोनमनियम सुंदरनार यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह में



पीएचडी स्कॉलर छात्रा जीन जोसेफ ने राज्यपाल आरएन रवि से अपनी डिग्री लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्टेज पर राज्यपाल के बजाए वाइस चांसलर एन. चंद्रशेखर से डिग्री ली। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## शहबाज की गीदड़भभकी पर ओवैसी बोले

# ब्रह्मोस है हमारे पास, पाक को बकवास नहीं करनी चाहिए

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाक पीएम शहबाज शरीफ के कथित बयान 'कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता' पर ओवैसी ने कहा कि 'ब्रह्मोस है हमारे पास'... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा। बहुत हो गया। एशिया कप में क्रिकेट मैच पर ओवैसी ने कहा कि हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं?

### फर्जी वोट पर कहा ये चुनावी कीड़े हैं

ओवैसी ने कांग्रेस नेता फिरोज खान की ओर से 2023 के तेलंगाना चुनावों के दौरान कथित तौर पर 6लाख से अधिक फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाने पर कहा कि उनके जैसे कई ठुकराए हुए प्रेमी हैं। ये चुनावी कीड़े हैं। वे चुनाव के दौरान जागते हैं और उसके बाद फिर से सो जाते हैं। मैंने तेलंगाना में मुसलमानों और दलितों से विशेष रूप से कहा है कि वे अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवा लें।




## चिंतन

# सिंधु जल संधि पर कड़ा रुख अपनाए रखे भारत

पाकिस्तान की गीदड़भभकियों, धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। सिंधु जल संधि को भारत ने जिस मकसद के लिए निलंबित किया है, उसके पूरे होने तक भारत को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। इधर तीन दिन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पीपीपी नेता बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए हैं। पाकिस्तान बेशक अमेरिकी कठपुतली बनकर खेल रहा है और भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है, लेकिन इससे भारत को न ही विचलित होने की जरूरत है और न ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। भारत ने सिंधु जल समझौता तब निलंबित किया है, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था और पाक स्थित आतंकी गुट ने पहलगाम में हिंसा को अंजाम दिया। भारत के अनेक बार सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतें बंद नहीं की। पहलगाम घटना के बाद भारत का सब्र जवाब दे गया और सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें ट्रेड पूर्ण रूप से बंद करने, अटारी व वाघा बॉर्डर बंद करने से लेकर सिंधु जल समझौते को निलंबित करने जैसे एक्शन हैं। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। अब जब सिंधु, चिनाब व झेलम से पानी का बहाव पाकिस्तान में कम हुआ है और पाकिस्तान को जल संकट आसन्न दिखाई दे रहा है, तो बौखलाहट में पाकिस्तान सरकार के पदेन लोग भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु बम की धमकी दी कि अगर इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। खेदजनक है कि अमेरिका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु दरिया के पानी पर कहा कि अगर भारत ने युद्ध थोपा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। उसके बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को खुली धमकी दी है कि वह पाकिस्तान का एक बूंद पानी भी किसी को छीनने नहीं देंगे। सवाल है कि ये लोग किस हैसियत से भारत को धमकियां दे रहे हैं, न तो यह कूटनीति की भाषा है और न किसी राष्ट्र की भाषा है। भारत का रुख साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं करता है, तब तक भारत पाक से न कोई वार्ता करेगा और न ही सिंधु जल संधि को बहाल करेगा। पाकिस्तान अमेरिका व चीन के दम पर अगर भारत के खिलाफ उकसावे वाला बयान दे रहा है, तो वह ऐसा करता रहे। भारत अपनी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही कार्य करेगा। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार से पाकिस्तान की कोई भी आतंकी व सैन्य हरकत युद्धघोष मानी जाएगी। भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा, पाक आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता टेबल पर आए। पाक जिस अमेरिका व चीन के बल पर कूद रहा है, उसी से पाक को पानी मांगना चाहिए। भारत का सिंधु जल समझौते को निलंबित करना न किसी अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में आता है और न ही यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन है। भारत वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है और इसलिए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का अधिकार है। भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है, वह यूं ही किसी को धमकी नहीं देता है।

## दिवस विशेष

विवेक शुक्ला



# मुस्लिम लीग ने आग में घी डालने का किया था काम

मोहम्मद अली जिन्ना 7 अगस्त, 1947 को दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से कराची के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा जिन्ना भी थीं। तब यहां सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। पर मजाल है कि उन्होंने दिल्ली को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ने से पहले एक बार भी दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति बहाली की जरूरत महसूस की हो। हालांकि जिस जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया था, उससे इस तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि वह नफरत की आग को बुझाने का काम करेगा। जिन्ना के आह्वान के चलते कोलकाता में इस दिन शुरू हुई हिंसा में हजारों बेगुनाह लोग मारे गए। इसे 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' कहा गया। जिन्ना या मुस्लिम लीग ने खून-खराबे को रोकने की बजाय आग में घी डालने का ही काम किया था। जब कोलकात्ता जल रहा था तब हुसैन शहीद सुहरावर्दी बंगाल के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप लगे कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दे दिए थे कि वह आंखें बंद करके बैठी रहे। इन दंगों में हिंदुओं को विशेष रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। 16 से 20 अगस्त 1846 तक चली हिंसा में, अनुमानित 10 हजार लोग मारे गए। घायलों का आंकड़ा भी हजारों में था। खैर, सुहरावर्दी आगे चलकर पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री भी बने। वरिष्ठ लेखक त्रिलोक दीप 1947 के बंटवारे पर बातें करने से बचते हैं। उन्हें बंटवारे ने बहुत गहरे घाव दिये हैं। इसरार करने पर बताने लगते हैं कि "मैं तब दस साल का था और अपने माता-पिता के साथ अगस्त, 1947 से कुछ पहले ही रावलपिंडी से लाहौर होता हुआ लखनऊ पहुंच गया था। रावलपिंडी के हालात लगातार खराब हो रहे थे। इसलिए हमने इंतजार करना मुनासिब नहीं समझा। पर मेरे नाना अमीचंद और नानी भाग्यवती को भीड़ ने उनके गांव में मार दिया था।" ये सब बताते हुए 90 साल के त्रिलोक दीप की आंखें भीगने लगती हैं। भारत के विभाजन को अब एक अरसा गुजर गया है, पर अब भी हमारे आसपास इस तरह के तमाम लोग मौजूद हैं, जिन्होंने उस दौर में हुए दंगों में अपनों को खोया। देश के बंटवारे के कारण लगभग 1.5 करोड़ लोग एक देश से दूसरे में गए। इस दौरान हिंदू-सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच भयंकर सांप्रदायिक दंगे हुए। पंजाब, बंगाल और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में हिंसा चरम पर थी। स्वीडन में रहने वाले पाकिस्तान मूल के राजनीतिक चिंतक डॉ. इश्तियाक अहमद अपनी किताब में लिखते हैं कि मोहम्मद अली जिन्ना की बयानबाजी ने सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाया। वे कभी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए दंगाइयों के बीच में नहीं गए। दरअसल 1947 में जब विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब पंजाब और बंगाल में हिंसा अपने चरम पर थी। तब जिन्ना का ध्यान मुख्य रूप से सत्ता पर काबिज होना था। उन्होंने 11 अगस्त 1947 को कराची में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान को धर्मनिरपेक्ष मुल्क बनाने का वादा किया। वे जब इस तरह का दावा कर रहे थे तब कराची जल रहा था। वहां अल्पसंख्यकों का कत्लेआम होने लगा था। जिन्ना के पास दंगों को रोकने की कोई इच्छाशक्ति नहीं थी। जिन्ना की तरह मुस्लिम लीग में उनके नंबर दो समझे वाले लियाकत अली खान और बाकी नेताओं का भी ध्यान दंगों को रोकने की तरफ नहीं था। वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में सुखो खालसा स्कूल है। प्रख्यात रचनाकार भीष्म साहनी ने अपनी अमर रचना तमस में सुखो का उल्लेख किया है। ये एक छोटी सी तहसील है रावलपिंडी जिले की। पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज के दौरान सुखो में अनेक गुरुद्वारे भी बने। सुखो बेहतरीन जगह थी। उसका चरित्र समावेशी था। पर देश के बंटवारे का समय आपसी नफरत का दौर था। जो दोस्त और पड़ोसी सदियों से एक-दूसरे के साथ रह रहे थे, वे भी एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गये थे। आजादी के ठीक पहले सांप्रदायिकता की बैसाखियां लगाकर पाशविकता का जो नंगा नाच सुखो में खेला गया था, उसका मार्मिक चित्रण भीष्म साहनी तमस में करते हैं। खैर, जिन्ना के विपरीत, महात्मा गांधी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी जी 7 सितंबर 1947 को अंतिम बार कोलकाता से दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के कारण धू-धू करके जल रही थी। गांधी जी दंगा प्रभावित जगहों में गए, सभाएं की और हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच सुलह की अपील की। वे इन सब जगहों में दंगाइयों से मुसलमानों को बचा रहे थे। गांधी के अलावा, नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद भी दंगों को रोकने के काम में दिन- रात लगे हुए थे। काश, जिन्ना और मुस्लिम लीग के नेताओं ने भी यही किया होता।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विस्थापितों की भयावह पीड़ा व त्रासदी



**विभाजन विभीषिका**

प्रदीप सरदाना

> आज देश स्वतंत्र होने का आनंद और सुख तो हम ले रहे हैं लेकिन हम में से अधिकांश लोग नहीं जानते कि इस स्वतन्त्रता और देश विभाजन का सबसे बड़ा दर्द किसी को मिला तो वे विस्थापित हैं। ऐसे विस्थापितों में से अनेक ने अपना सर्वस्व लूटा दिया। आज़ादी के अमृत महोत्सव के मौके पर पहली बार भारत सरकार ने विस्थापितों के दर्द को समझा और 14 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के बाद पहली बार 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया गया। यह इस परंपरा का पांचवां वर्ष है। आज इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि देश में विस्थापितों को नमन करने के लिए एक स्मारक अवश्य बनना चाहिए, जिससे उनके बलिदान की गाथाएं अमर रहें।

देश 15 अगस्त 1947 से प्रतिवर्ष स्वतन्त्रता दिवस का उत्सव हर्षोल्लास से मनाते आ रहे हैं। स्वतन्त्रता दिवस के इस महापर्व पर देश उन अनेक स्वतन्त्रता सेनानियों का स्मरण करता है, जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक कष्ट सहे, अपने प्राणों की आहूति दी। ऐसे सेनानियों को बेहद सम्मान से स्मरण करना हमारा कर्तव्य है और उन्हें ये सम्मान मिलना ही चाहिए। लेकिन देश ने आज़ादी के बाद के 75 बरसों तक उन करोड़ों विस्थापितों की भयावह पीड़ा को भुला दिया, जिन्होंने देश विभाजन की ऐसी त्रासदी झेली, जिसको जानकर आज भी रूह कांप उठती है। आज देश स्वतंत्र होने का आनंद और सुख तो हम ले रहे हैं लेकिन हम में से अधिकांश लोग नहीं जानते कि इस स्वतन्त्रता और देश विभाजन का सबसे बड़ा दर्द किसी को मिला तो वे विस्थापित हैं।

ऐसे विस्थापितों में से अनेक ने अपना सर्वस्व लूटा दिया। अपना घर-बार, परिवार, जमा पूंजी ही नहीं उन्हें अपने सामने ही घर की बहू-बेटी, अपनी पत्नी और मां का बलात्कार देखना पड़ा। मुस्लिम दंगाइयों का इससे भी मन नहीं भरा और वे धन-दौलत, इज्ज़त लूटने के बाद भी बेरहमी से सभी की हत्या करते रहे। उनके सामने कोई दूधमुंहा बच्चा या कोई बुजुर्ग अथवा महिला आई, उन्होंने एक पल में तलवार से उसके टुकड़े कर दिए। सच कहा जाये तो देश के लिए अपना सबकुछ खोकर ऐसे मर मिटने वाले भी शहीद हैं। लेकिन उनके इस बलिदान, इस शहादत को कोई सम्मान देना तो दूर,उन्हें बरसों याद तक नहीं किया गया। ऐसे बेबस और पीड़ित लोगों की दर्द भरी दास्तां किसी इतिहास के पन्नों में भी अंकित नहीं है। इधर आज़ादी के अमृत महोत्सव के मौके पर पहली बार भारत सरकार ने विस्थापितों के दर्द को समझा और 14 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के बाद पहली बार 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया गया। यह इस परंपरा का पांचवां वर्ष है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी तो 'विभाजन विभीषिका दिवस' के बड़े कार्यक्रमों में स्वयं भी शामिल हो रहे हैं. दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित कुछ अन्य राज्यों में भी ऐसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इससे यह साफ है कि मोदी सरकार इस आयोजन को सिर्फ कागजी खानापूर्ति के लिए नहीं, विस्थापितों के सम्मान के लिए कर रही है। इससे विस्थापित परिवारों के सदस्यों के कभी ना भरने वाले ज़ख्मों पर मरहम तो लगेगा ही, साथ ही ऐसे असंख्य विस्थापित शहीदों की आत्मा को शांति भी मिलेगी। बरसों बाद ही सही, किसी प्रधानमंत्री ने उन्हें याद किया। देश की आज़ादी में उनके भी योगदान को तो समझा। हालांकि कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों को यह सहन नहीं हो रहा। ऐसे लोगों का कहना है कि बरसों पुरानी त्रासदी को आज क्यों याद किया जाये ? ऐसे लोग आज भी नहीं चाहते कि विस्थापितों को कोई सम्मान मिले। उनकी पीड़ा, उनके दुखड़े, उनका बलिदान दुनिया के सामने आए। जबकि यह कटु सत्य है कि आज़ादी के 75 बरस बाद भी आज भी हालात कुछ मामलों में वैसे ही हैं। पिछले वर्ष बांग्ला देश में तख्ता पलट के बाद हुई त्रासदी और पश्चिम बंगाल की कई घटनाएं इस बात की बड़ी मिसाल है। जो यह बताती है कि कट्टरपंथी मुस्लिमों की हिंदुओं के प्रति नफरत सदियों पहले भी थी, देश



विभाजन के समय में थी और आज भी है। बांग्ला देश में तख्तापलट के तुरंत बाद ऐसे कट्टरपंथी मुस्लिमों ने एक पल गंवाए बिना, हिंदुओं का नरसंहार शुरू कर, जिस तरह उनके घर जलाये, महिलाओं के साथ बलात्कार किया। वह सब यह बताता है कि मौका मिलते ही ये अपनी असलियत पर उतर आते हैं। ऐसे लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता और भाईचारा तभी तक है जब ये स्वयं असुरक्षित हैं। देश विभाजन के दौरान के हिंदुओं पर हुए क्रूर और वीभत्स अत्याचार की भयावह कहानियां पंजाब के घरों में आज भी सलामत हैं। चाहे आज उस आतंक की मार सहने वाले लोग बहुत कम रह गए हैं। लेकिन उस समय पांच-सात साल के मासूम बच्चे रहे जो आज भी दुनिया में हैं, वे उसे याद कर सिहर उठते हैं। उनकी आंखों से अश्रुधारा बह उठती है। इधर विभाजन के दौर की उन सांप्रदायिक दंगों की त्रासदी का कुछ चित्रण भीष्म साहनी ने अपने 1973 में अपने उपन्यास 'तमस' में किया था। जिस पर बाद में फिल्म-सीरियल का निर्माण भी हुआ। मनोहर श्याम जोशी ने भी 'बुनियाद' में विभाजन के दर्द को दिखाया। फिल्म 'गदर' में भी लाशों से भरी ट्रेन का दृश्य झकझोर कर रख देता है। कुछ समय पहले इतिहासकार उर्वशी बुटालिया ने भी अपनी पुस्तक 'द अदर साइड ऑफ साइलेंस' में विस्थापितों की सच्ची कहानियां रखीं हैं। जबकि दो वर्ष पूर्व भी दो ऐसी पुस्तकें आयीं जो विभाजन विभीषिका की वो सत्य घटनाएं बताती हैं, जिन्हें पढ़ कलेजा मुंह को आता है। इनमें एक उपन्यास शिक्षाविद और लेखक कुरुक्षेत्र के रत्न चंद सरदाना का है-'विभीषिका'। इनके बाल मन ने उस दंश को अपनी आंखों से देखा। दूसरी पुस्तक दूरदर्शन के चर्चित एंकर प्रखर श्रीवास्तव की है –'हे राम'। इसमें लेखक ने गहन अध्यन के पश्चात विभाजन के दौर के सभी पहलुओं को बारीकी से उठाया है। मैं भी अपने बचपन से अपने माता-पिता से उस त्रासदी कथा को सुनता रहा। यह सोचकर ही मन विचलित हो जाता है कि हमारी पिछली पीढ़ियों ने इतनी भयावह त्रासदी आखिर कैसे झेली होगी! मेरी मां राज सरदाना बताती थीं कि विभाजन में अपनी पुरखों की ज़मीन छोड़ कहीं दूर जाने की बात सुन उनकी नानी हैरान और विचलित हो गईं। वह बोलीं–'राजा तो बदलते हैं लेकिन प्रजा बदलने की बात तो पहली बार सुनी है।' देखा जाए तो यह विश्व की सबसे बड़ी त्रासदी थी जिसमें दो करोड़ से अधिक लोगों को विभाजन का दर्द सहना पड़ा। जबकि 10 लाख लोगों को अपने प्राण गंवाने पड़े। इस देश विभाजन और विभीषिका के लिए जहां मुस्लिम लीग और उसके नेता मुहम्मद अली जिन्ना कसूरवार थे। वहां महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू भी इसके जिम्मेदार रहे। इतिहास बताता है कि दुख यह था कि विभाजन के इस दौर में जब मुसलमान हिंदुओं को मौत के घाट उतार रहे थे, तो नेहरू –गांधी चुप्पी साधे हुए थे। लेकिन जैसे ही हिन्दू बदला लेने के लिए उतरते तो गांधी, शांति और अहिंसा की अपील करने लगते। विभाजन के समय अपने विभिन्न बलिदान करके जैसे -तैसे पंजाब से कितने ही लोग भारत के पूर्वी पंजाब के हिस्सों में आए। असंख्य सम्पन्न-प्रसन्न पंजाबी परिवार पलक झपकते ही शरणार्थी बन गए थे। लेकिन ऐसे कितने ही किस्से हैं कि अपनी दयनीय हालत में भी पंजाबियों ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने कहा कि हम शरणार्थी नहीं पुरुषार्थी हैं। आज वही पंजाबी कौम देश में ही नहीं विदेशों में भी विकास और प्रगति की गाथा लिख रही है। आज इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि देश में विस्थापितों को नमन करने के लिए एक स्मारक अवश्य बनना चाहिए, जिससे उनके बलिदान की गाथाएं अमर रहें। विस्थापितों के विभिन्न समूह ऐसे स्मारक का सपना बरसों से संजोये हैं लेकिन उनका यह सपना अभी तक साकार नहीं हो सका है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित

**दर्शन**

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# मन का भोजन हमारे विचार



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं।

*– मनोज जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### कनेक्टिविटी का विस्तार



देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1B को मंजूरी दी है। इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर में लोगों का सफर और सुविधाजनक होगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एसआईआर पर चर्चा हो



बिहार से एसआईआर की शुरुआत की गई है, जो अब पूरे देश में करने जा रहे हैं। हमारी मांग है कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष चाहता है कि सदन चले, लेकिन भाजपा सरकार सदन नहीं चलने दे रही है।

**- मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी का करिश्मा नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहीं कोई करिश्मा नहीं है, ये चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। 2020 में इन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में हमें 12,756 वोट के अंतर से 10 से अधिक सीटें जबरन हराईं।

**- तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

### फैसले पर विचार




यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुख्य न्यायाधीश ने एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित फैसले पर विचार करने की सहमति दे दी है। कानून पारित करना और उसे लागू करना सबसे पहले मानवीय होना चाहिए।

**- रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में हिंदू मंदिर की नाम पट्टिका तोड़ी गई



अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'निंदनीय' बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह 'घृणित कृत्य'' ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे 'निंदनीय' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, 'इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।'दूतावास ने कहा कि उसने 'शीघ्र कार्रवाई' के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया है। इसमें कहा गया है कि महावाणिज्य दूत ने ग्रीनवुड के मेयर सहित श्रद्धालुओं और स्थानीय नेतृत्व की एक सभा को भी संबोधित किया और 'वहां एकता एवं एकजुटता तथा उपद्रवियों के विरुद्ध सतर्कता बरतने का आह्वान किया।' मंदिर प्रशासन ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि इस कृत्य ने ' हमारे समुदाय के संकल्प को मजबूत किया है और हम धर्म-विरोधी व्यवहार के विरुद्ध एकजुट हैं।'

## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा



शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है।अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सिनसिनाटी ओपन : अल्काराज ने मेडजेडोविक को दी शिकस्त, दर्ज की 2025 की 50वीं जीत

एजेंसी ▶▶ सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने मेडजेडोविक को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ।

## एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में किया प्रवेश



## 95 मिनट तक चला कड़ा मुकाबला

अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था।



## आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में

*22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और हार मान रहे हैं। वहीं अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।*

## 'बार्बी डॉल' बनेगी वीनस



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे जल्द जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

## खबर संक्षेप

### पोवार बने पश्चिम क्षेत्र के कोच



**मुंबई।** मुंबई के पूर्व बल्लेबाज किरण पोवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, जो 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट इस सत्र में फिर क्षेत्रीय प्रारुप में खेला जाएगा, जिसका आयोजन बेंगलुरु के बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मैदानों में किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। गुजरात के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पल्लव वोरा को सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

### खालिद जमील ने किया दो साल का एग्रीमेंट



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि खालिद जमील को दो साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तथा अच्छे परिणाम हासिल करने पर उनके अनुबंध को आगे एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। एआईएफएफ ने कहा कि जमील ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी से अलग होने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जमील अपना पहला अभ्यास शिविर 15 अगस्त को बेंगलुरु के द्रविड़-पादुकोण सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शुरू करेंगे। भारतीय टीम के साथ उनका पहला टूर्नामेंट सीएएफए नेशंस कप होगा। जहां भारत ग्रुप बी में मेजबान ताजिकिस्तान (29 अगस्त), ईरान (एक सितंबर) और अफगानिस्तान (चार सितंबर) से भिड़ेगा। भारत अक्टूबर में फीफा विंडो में सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफाइंग दो महत्वपूर्ण मैच (नौ और 14 अक्टूबर) खेलेगा।

### डोनारुम्मा ने तोड़ा पीएसजी से नाता

**पेरिस।** स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं। पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया था।

### सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल

**पंचकूला।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन पंचकूला ने 50वीं सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल की घोषणा की है। यह चैंपियनशिप गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगी। ट्रायल 15 अगस्त को दोपहर 3:00 से 6:00 तक होंगे। संगठन महासचिव गुरदीप सिंह ने बताया कि ट्रायल 15 अगस्त को सेक्टर 21 के दून पब्लिक स्कूल में होंगे। इसके लिए गर्ल्स को दोपहर 3:00 और बॉयज को 4:00 बजे ग्राउंड में रिपोर्ट करना होगा। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी, 2012 या उसके बाद हुआ हो। वे पंचकूला में रह रहे हो या पढ़ाई कर रहे हो।

## वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारूपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।



### पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज़ (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित का जलवा, बाबर आजम को पछाड़ा, दूसरे स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते गए हैं। कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी, दोनों किरदारों में रोहित ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आईसीसी की हालिया वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वनडे रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर बढ़ते हुए दूसरे स्थान पर चले गए हैं। रोहित ने बाबर आजम को हटाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में बाबर आजम फ्लॉप रहे। इस वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है। शीर्ष दस बल्लेबाजों में बाबर आजम तीसरे नंबर पर चले गए हैं। 784 अंक के साथ शुभमन गिल पहले स्थान पर जमे हुए हैं। गिल और रोहित के रेटिंग अंकों के बीच 28 अंक का अंतर है।

विराट कोहली चौथे, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल पांचवें, श्रीलंका के चरिथ असालंका छठे, आयरलैंड के हैरी टेक्टर सातवें, भारत के श्रेयस अय्यर आठवें, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान नौवें और श्रीलंका के कुसाल मेंडिस दसवें स्थान पर हैं।

### टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर वन बल्लेबाज

आईसीसी टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 829 की है। अब ट्रेविस हेड को हटाकर तिलक वर्मा ने दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। तिलक वर्मा की रेटिंग 804 की है। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ट्रेविस हेड दूसरे नंबर से हटकर तीसरे पर भी नहीं गए, वे सीधे नंबर चार पर पहुंच गए हैं। तीसरे नंबर पर अब फिल साल्ट ने अपना कब्जा जमा लिया है। फिल साल्ट को भी एक स्थान का फायदा मिलते हुए दिख रहा है। उनकी रेटिंग 791 की है।

## महिला वनडे सीरीज : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



### यास्तिका और शेफाली ने की 77 रनों की साझेदारी

भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

## हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में टीम खिताब जीते

भाषा ▶▶ ग्रेटर नोएडा

हरियाणा की युवा मुक्केबाजी टीम ने बुधवार को सब जूनियर (अंडर-15) बालक और बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में टीम खिताब अपने नाम किए।

हरियाणा के मुक्केबाजों ने कौशल, ताकत और निरंतरता का संयोजन करते हुए सेना को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में हरियाणा ने चार स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीतकर टीम खिताब जीता। सेना ने दूसरा जबकि उत्तर प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के लिए रवि सिहाग (49-52 किग्रा) और संचित जयानी



(55-58 किग्रा) ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए खिताब जीते। लड़कियों की टीम ने भी यही सफलता दोहराई और गरिमा (35-37 किग्रा), प्रिंसी (49-52 किग्रा), सुनैना (58-61 किग्रा), जीविका (61-64 किग्रा) और राधिका शर्मा (67-70 किग्रा) सहित कई वर्गों में चैंपियन बनीं। सेना की टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही जिसमें नव्या (52-55 किग्रा) और निशालिनी मुथुकुमार (43-46 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि महाराष्ट्र ने रिया शिंदे (30-33 किग्रा) और ओवी अदवंत (46-49 किग्रा) की शानदार जीत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## 3 हजार मीटर में गुलवीर सिंह ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे।



गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

## जीता अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप

# 20 वर्षीय रोहित कृष्णा बने भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टूर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना।

विश्वेश्वरन के प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया। बता दें कि, भारत को 1988 में विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर मिला था। जबकि दिव्या देशमुख पिछले महीने फिडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के साथ देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं।



### रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट

### गुकेश पांचवें स्थान पर खिसके कारुआना ने की बढ़त हासिल

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी. गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली, जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।



### अरोनियन ने खेली दो बाजी ड्रॉ

इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं।

## भारत में 2030 में हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, आईओए ने दी औपचारिक मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

### डैरेन हॉल ने किया था अहमदाबाद का दौरा

राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेज़बान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।




# टैरिफ तनाव के बीच पीएम मोदी-ट्रंप की हो सकती है मुलाकात!

## यूएनजीए समिट के लिए अगले महीने जाएंगे अमेरिका, 26 को करेंगे संबोधित

**वैश्विक नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक**

**अक्टूबर में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का दे सकते हैं निमंत्रण**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका दौरे पर जा सकते हैं, जहां वे न्यूयॉर्क सिटी में होने वाली यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (यूएनजीए) की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की योजना बनाई जा रही है।

भारत-अमेरिका रिश्तों में हाल के टैरिफ तनाव के बीच यह संभावित मुलाकात अहम मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हो सकते हैं। यूएनजीए का शिखर सम्मेलन सितंबर में होगा। सूत्रों की मानें तो ट्रंप चाहते हैं कि पीएम मोदी आएं और उनसे मिलें। इसलिए पीएम दोहरे मकसद से न्यूयॉर्क की यात्रा पर जा सकते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पीएम व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण देंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन अक्टूबर में हो सकता है।


फाइल फोटो

### सात महीनों में दूसरी बैठक

अगर पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात हो जाती है, तो यह दोनों नेताओं की सात महीनों में दूसरी बैठक होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने फरवरी में व्हाइट हाउस का दौरा किया था। ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध मजबूत हुए थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में टैरिफ को लेकर ट्रंप के कड़े रुख ने रिश्तों में खटास ला दी है, बावजूद इसके कि ट्रंप कई बार पीएम मोदी को 'दोस्त' कह चुके हैं।

**80वें सत्र में**

### पीएम मोदी विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे

*पीएम नरेंद्र मोदी सितंबर में न्यूयॉर्क में यूएनजीए के 80वें सत्र में विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी अस्थायी सूची के अनुसार, पीएम मोदी 26 सितंबर की सुबह सभा को संबोधित कर सकते हैं। इस दौरान भारत के साथ-साथ इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकार के प्रमुख भी अपनी बात रखेंगे। यह सत्र दुनिया में चल रहे कई संकटों, जैसे इजराइल-हमास युद्ध और यूक्रेन संकट के बीच हो रहा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी 23 सितंबर को यूएनजीए को संबोधित करेंगे। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यूएनजीए में ये ट्रंप का पहला संबोधन होगा।*

**डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे**

### मॉस्को में रूसी विदेश मंत्री के साथ करेंगे मुलाकात

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 21 अगस्त को रूस के मॉस्को मे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अंतर्गत कई अहम मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर भी बातचीत होगी।


फाइल फोटो

**चीनी विदेश मंत्री अगले हफ्ते भारत आएंगे**

### एनएसए डोभाल से भारत चीन सीमा मुद्दे पर करेंगे बात

चीनी विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते भारत आएंगे। यहां वे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मिलकर भारत-चीन सीमा विवाद पर बात करेंगे। यह दौरा पीएम नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा से पहले हो रहा है। पीएम मोदी इस महीने के आखिर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के लिए चीन के तियानजिन जाएंगे। यह उनकी 2018 के बाद पहली चीन यात्रा होगी, जहां वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे।


फाइल फोटो

# शिखर सम्मेलन के बाद अगर पुतिन युद्ध रोकने पर सहमत नहीं हुए तो उन्हें 'गंभीर परिणाम' भुगतने पड़ेंगे : ट्रंप

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अलास्का में शुक्रवार को होने वाली वार्ता में यदि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध रोकने पर सहमत नहीं हुए तो उन्हें इसके ''बहुत गंभीर परिणाम'' भुगतने पड़ेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि ट्रंप ने यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ बुधवार को हुई ऑनलाइन बैठक में ''बहुत स्पष्ट'' रूप से कहा है कि अमेरिका अलास्का में आगामी अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन में संघर्ष विराम समझौता चाहता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने समूह को बताया है कि पुतिन ट्रंप के साथ होने वाली बैठक से पहले ''गुमराह'' कर रहे हैं।

**धमकी के बाद वार्ता पर बना संशय**



जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ''यूक्रेनी मोर्चे के सभी क्षेत्रों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं'' ताकि यह दिखाया जा सके कि रूस ''पूरे यूक्रेन पर कब्जा करने में सक्षम है।''


### पुतिन प्रतिबंधों के बारे में गुमराह कर रहे : जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि ''पुतिन प्रतिबंधों के बारे में भी गुमराह रहे हैं, ऐसा लग रहा है, जैसे उनके लिए इनका (प्रतिबंधों) कोई मतलब ही नहीं है और न ही इनका उन पर (रूस पर) कुछ असर पड़ने वाला है। जबकि हकीकत तो यह है कि प्रतिबंध बहुत मददगार हैं और यह रूस की अर्थव्यवस्था पर भारी असर डाल रहे हैं, जिससे वह युद्ध में कमजोर पड़ सकता है।' दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली बार डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं। इस मुलाकात से पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर बड़ा आरोप लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कीव 15 अगस्त को अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक को बाधित करने के लिए योजना बना रहा है।

### ग्रोक ने ट्रंप को बताया सबसे कुख्यात अपराधी

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क के एआई चैटबॉट 'ग्रोक' ने डोनाल्ड ट्रंप को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बताया, यह कहते हुए कि ट्रंप 34 गंभीर अपराधों में दोषी ठहराए गए हैं। यह टिप्पणी तब आई जब एक्स प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने राजधानी में अपराध की स्थिति और वहां के सबसे कुख्यात अपराधी के बारे में पूछा। ग्रोक ने जवाब में कहा कि 2025 में वॉशिंगटन डीसी में हिंसक अपराध 26% घटे हैं और यह 30 साल का सबसे निचला स्तर है।




## भारत-सिंगापुर तीसरी मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक, सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम कदम

**नई दिल्ली।** भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंड टेबल सम्मेलन (आईएसएमआर) की तीसरे दौर की बैठक बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ इस गोलमेज सम्मेलन का नेतृत्व किया। सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के डिप्टी पीएम और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम यंग ने किया। उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी भाग लिया।

**टैरिफ चुनौती के बीच आयोजन**

## सितंबर में युद्धाभ्यास करेंगी भारत और अमेरिका की सेनाएं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ की वजह से भारत और अमेरिका संबंधों में जारी तनाव के बीच जल्द ही दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास करती हुई नजर आएंगी। मौका होगा इस वर्ष 1 से 14 सितंबर तक होने वाली जॉइंट एक्सरसाइज 'युद्ध-अभ्यास-2025' का। जिसका आयोजन अमेरिका के अलास्का में किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत की तरफ से इस सैन्य अभ्यास में भागीदारी करने के लिए कुल करीब 400 सैन्य कर्मियों का विशाल दस्ता अमेरिका की यात्रा करेगा। यह भारतीय सेना का एक व्यापक दस्ता होगा। जिसमें पैदल सेना से लेकर बल की अन्य इकाइयों की भी अहम भूमिका देखने को मिलेगी। सूत्रों ने कहा कि अभ्यास में भाग लेने वाले सेना के दस्ते की अगुवाई संभवतः मद्रास रेजिमेंट करेगी।

**पहले राजस्थान में हुआ था अभ्यास**

मौजूदा साल में युद्ध-अभ्यास का 21 वां संस्करण होगा। जबकि इसका पिछला यानी 20 वां संस्करण भारत के राजस्थान में महाजन फील्ड फायरिंग में विदेशी प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया गया था। वर्ष 2004 से युद्ध-अभ्यास को क्रमवार ढंग से भारत और अमेरिका में आयोजित किया जाता है। युद्ध-अभ्यास के केंद्र में संयुक्त राष्ट्र का चार्टर, आतंकवादी रोधी अभियान और विषम भौगोलिक परिस्थितियों जैसे विषय शामिल किए जा सकते हैं।

### एनएबीएच की मान्यता प्राप्त आरएमएल देश का पहला सरकारी अस्पताल बना

**नई दिल्ली।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान देश का पहला केंद्रीय सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसे नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से पूर्ण सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह मान्यता अस्पतालों के लिए देश में गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मानक मानी जाती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि यह प्रत्यायन मरीजों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, नैदानिक प्रोटोकॉल और प्रशासनिक प्रणालियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों के अनुरूप अस्पताल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। एनएबीएच क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया का हिस्सा है, अस्पतालों के लिए 500 से अधिक मापनीय मानक तय करता है, जिनमें संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन देखभाल, दस्तावेज़ीकरण, मरीजों के अधिकार और स्टाफ प्रशिक्षण जैसे प्रोटोकॉल शामिल हैं।

### बादशाह के क्लब में बम फेंकने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25